दिन–बुधवार दिनांक– 20 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी की। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे।

03. संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार चौबीस सोलह जून को आयोजित की जाएगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया।

---

निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। इस चरण में बिहार समेत सत्रह राज्यों और चार केन्द्र शासित प्रदेशों में एक सौ दो लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा। पहले चरण में बिहार की चार सीट, तमिलनाडु की उनचालीस, राजस्थान की बारह, उत्तर प्रदेश की आठ, उत्तराखण्ड, असम और महाराष्ट्र की पांच–पांच, पश्चिम बंगाल की तीन सीटों के लिए चुनाव होगा। वहीं, अरूणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय की दो–दो सीटों के लिए मतदान होगा। साथ ही छत्तीसगढ, मिजोरम, नगालैण्ड, सिक्किम, त्रिपुरा, अण्डमान और निकोबार द्वीपसमूह, जम्मू–कश्मीर, लक्षद्वीप और पुदुचेरी की एक–एक सीट के लिए चुनाव होगा।

---

प्रदेश में पहले चरण के चुनाव के तहत औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। आज अधिसूचना जारी होने के साथ ही इन सभी सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन भरने की आखिरी तारीख अट्ठाईस मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच तीस मार्च को की जायेगी, जबकि उम्मीदवार दो अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं। एनडीए में सीट बंटवारे के तहत औरंगाबाद सीट भाजपा के कोटे में गयी है। नवादा और जमुई सीट लोजपा

रामविलास को मिली है, जबकि गया सीट हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा को दी गयी है। विपक्षी महागठबंधन की ओर से अभी तक सीटों का बंटवारा तय नहीं हुआ है।

---

चुनाव आयोग ने मीडिया कर्मियों को डाक मतपत्र के जरिये वोट डालने की अनुमति दे दी है। आयोग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। इससे पहले जरूरी सेवाओं से जुड़े लोग ही पोस्टल बैलेट के जरिए अपना वोट डाल सकते थे. अब मीडियाकर्मी भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए एक नोडल अधिकारी नामित करने का प्रावधान किया है। आयोग ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, उन्नीस सौ इक्यावन के प्रावधानों के अनुसार उचित विचार करने के बाद, आवश्यक सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों को डाक मतपत्र से वोट डालने के लिए अधिसूचित किया गया है।

---

भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यय अमृत प्रदेश के नए गृह सचिव होंगे। निर्वाचन आयोग की सहमति के बाद उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी गयी है। हालांकि इस संबंध में सामान्य प्रशासन की ओर से अभी तक अधिसूचना जारी नहीं की गयी है। गौरतलब है कि निर्वाचन आयोग ने बिहार समेत कई राज्यों के गृह सचिव को हटाने का निर्देश दिया था।

---

केंद्रीय मंत्री और राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने केंद्रीय मंत्रीमंडल से त्यागपत्र दे दिया। लोकसभा चुनावों के लिए प्रदेश में एनडीए के सीट बंटवारे की घोषणा के बाद श्री पारस ने यह फैसला किया है। समझौते में श्री पारस की पार्टी को एक भी सीट नहीं दी गई है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में श्री पारस ने अपने त्यागपत्र की घोषणा करते हुए कहा कि उनकी पार्टी के साथ अन्याय किया गया है।

———बाईट———

---

राष्ट्रीय लोक मोर्चा को बिहार विधान परिषद की रिक्त एक सीट दी जाएगी। पार्टी प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा की भाजपा के बिहार प्रभारी विनोद तावड़े से मुलाकात के

बाद भाजपा ने यह फैसला किया गया है। श्री तावड़े ने कहा कि राष्ट्रीय लोक मोर्चा को एक लोकसभा सीट के साथ विधान परिषद की एक सीट दिया जाना पहले से ही तय था। वहीं, उपेन्द्र कुशवाहा ने एक ट्वीट में कहा कि श्री तावड़े से मुलाकात के दौरान बिहार की सभी सीटों पर एनडीए की जीत की रणनीति पर चर्चा हुयी।

———————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र को अंतिम मंजूरी देने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अधिकृत किया गया। कल नई दिल्ली में आयोजित पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में यह फैसला किया गया। इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष और संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी उपस्थित थीं। बैठक में पार्टी के घोषणा पत्र, चुनाव के मुद्दे और उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुयी।

———————————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि यह ऐसा मंच है जो स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और उभरते उद्यमियों की दुनिया के संबंधित पक्षों को एक साथ लाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप की दुनिया में भारत की प्रगति पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व रही है। तीन दिन का स्टार्टअप महाकुंभ सोमवार को आरंभ हुआ था। इस आयोजन का उद्देश्य उद्यम पूंजीपतियों, निवेशकों और संबंधित साझेदारों सहित आविष्कारकों के साथ स्टार्टअप को जोडना है।

———————————————————————————————

सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए को लागू करने पर रोक लगाने से इंकार कर दिया है। न्यायालय ने पिछले सप्ताह लागू हुए इस कानून को चुनौती देने वाली दो सौ सैंतीस याचिकाओं के जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को तीन सप्ताह का समय दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चन्द्रचूड, न्यायाधीश जे. बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा ने मामले की सुनवाई की। इण्डियन यूनियन मुस्लिम लीग, कांग्रेस के जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा सहित कई लोगों ने इस मामले में याचिकाएं दायर की हैं। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

———————————————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार चौबीस को स्थगित करने का निर्णय लिया है। यह परीक्षा अब इस वर्ष सोलह जून को आयोजित की जाएगी। पहले यह परीक्षा इस साल छब्बीस मई को आयोजित होने वाली थी। आयोग ने आगामी आम चुनावों के कारण परीक्षा को स्थगित करने का निर्णय लिया है।

————————————————————————————————

समस्तीपुर रेल मंडल में पश्चिम चंपारण जिले के बगहा स्टेशन पर सेना के जवानों और सैन्य सामान ले जा रही मालगाड़ी दो डब्बे पटरी से उतर गये। मालगाड़ी की गति धीमी होने के कारण किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि नरकटियागंज–गोरखपुर रेलखंड के बगहा ढाला के पास कल शाम साढ़े सात बजे के आस–पास यह हादसा हुआ। इससे इस रेलखंड पर रेलगाड़ियों का परिचालन ठप हो गया है। साथ ही एनएच–सात सौ सत्ताईस पर वाहनों की आवाजाही भी बाधित हो गयी। रेलवे के अनुसार गाड़ी को पटरी पर वापस ले आया गया है। जल्द ही इस मार्ग पर रेलगाड़ियों का परिचालन शुरू कर दिया जाएगा। इधर, इस हादसे के बाद रेलवे ने कई ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया है। इसके तहत दरभंगा–अमृतसर जननायक एक्सप्रेस, बापूधाम–मोतिहारी आनंद विहार चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस के मार्ग में बदलाव किया गया है। वहीं, नरकटियागंज–गोरखपुर पैंसेजर का आंशिक प्रारंभ कप्तानगंज से करने का फैसला किया गया है।

————————————————————————————————

मौसम विभाग ने कहा है कि प्रदेश में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकांश स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि इस दौरान कुछ स्थानों पर वज्रपात की भी आशंका है। श्री गौरव ने बताया कि इस अवधि में पटना, नालंदा, शेखपुरा समेत राज्य के दक्षिणी भागों में कई स्थानों पर ओलावृष्टि को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

–––बाईट–––

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों पर बारिश के समाचार हैं। इस अवधि में जमुई के चकाई में सोलह दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। वहीं, राजधानी पटना में छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। इधर, कई स्थानों पर हुयी बारिश से राज्य के अधिकतम तापमान में कमी दर्ज की गयी है।

———————————————————————————————————————

राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर की अध्यक्षता में आज प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में अकादमिक सत्र वित्तीय और शिक्षा विभाग से जुड़े मामलों पर विचार–विमर्श किया जाएगा। बैठक में शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव को भी शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।

———————————————————————————————————————

शिक्षा विभाग ने प्रदेश में फर्जी तरीके से नियुक्त नियोजित आठ सौ पंद्रह शिक्षकों की सेवा पंद्रह दिन में समाप्त करने के निर्देश दिये हैं। इस संबंध में प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने सभी जिलों के शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। गौरतलब है कि राज्य में अब तक दो हजार से अधिक फर्जी शिक्षक पाये गये हैं। इनमें से एक हजार तीन सौ दस फर्जी शिक्षकों की ही सेवा समांप्त की गयी है।

———————————————————————————————————————

बिहार शिक्षा परियोजना पर्षद ने राज्य के सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से सात के लिए पच्चीस मार्च को आयोजित होने वाली परीक्षा स्थगित कर दिया है। यह परीक्षा अब तीस मार्च को आयोजित की जाएगी। पच्चीस मार्च को होली का त्योहार होने की वजह से यह फैसला लिया गया है।

———————————————————————————————————————

बीपीएससी की शिक्षक भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई ने मुख्य सरगना वैशाली का रहने वाला विशाल कुमार चौरसिया समेत दो सौ छिहत्तर लोगों के विरूद्ध नामजद एफआईआर दर्ज करायी है। ईओयू ने तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान प्रश्नपत्र और उत्तर लीक किये जाने के मामले की जांच के उपरांत आज अड़तालीस पेज के आवेदन पत्र में अट्ठासी महिला अभ्यर्थियों को भी शामिल किया है। ईओयू के आवेदन में प्रिंटिंग प्रेस के मालिक के साथ ही बिहार लोक सेवा आयोग के कुछ कर्मियों के नाम शामिल है।

———————————————————————————————————————

प्रदेश में पटना साहिब, बेतिया, बनमनखी समेत चौबीस नए रेल थाने खोले जायेंगे। गृह विभाग ने इसकी मंजूरी दे दी है। एडीजी रेलवे बच्चू सिंह मीणा ने कहा कि अगले पंद्रह दिन में सभी नए रेल थानों में केस दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी थानों को आवश्यक संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं।

———————————————————————————

अररिया जिले की नरपतगंज थाना थाना पुलिस ने छापेमारी कर एक ट्रक से लगभग एक हजार दो सौ उनचास लीटर शराब बरामद की है।

———————————————————————————

सुपौल एएनएम कॉलेज, सुखपुर में जिला योजना पदाधिकारी संदीप कुमार ने युवा मतदाताओं के लिए पाठशाला कार्यक्रम **"मेरा पहला वोट देश के लिए** का शुभारंभ किया।

———————————————————————————

अरवल जिले में करपी थाना क्षेत्र के पंचकेश्वर ग्राम में हाई वोल्टेज बिजली तार के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, जिले में उत्पाद विभाग मेहंदिया थाना क्षेत्र के कई गांवों में छापेमारी अभियान चलाकर छह हजार लीटर अर्ध निर्मित शराब नष्ट करने के साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पशुपति कुमार पारस के केन्द्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफे की घोषणा को प्रमुखता दी है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– एनडीए में लोकसभा की एक भी सीट नहीं मिलने से नाराज पारस ने केन्द्रीय कैबिनेट से दिया इस्तीफा।

**दैनिक जागरण** ने नागरिकता संशोधन अधिनियम पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले को तरजीह देते हुए लिखा है– सीएए पर फिलहाल रोक नहीं, केन्द्र सरकार को नोटिस।

**दैनिक भास्कर** ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान पर प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिक्रिया को प्रमुखता देते हुए लिखा है– विपक्ष का उद्देश्य हिन्दू धर्म की शक्ति को नष्ट करना।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार......एक बार फिर

01. निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनावों के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी की। औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई संसदीय सीट के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत मंडपम में स्टार्टअप महाकुंभ को संबोधित करेंगे।

03. संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार चौबीस सोलह जून को आयोजित की जाएगी।

04. और, मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों के दौरान राज्य के कई स्थानों पर तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।